आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–26 सितम्बर 2024 **सान्ध्य समाचार**

उत्तर प्रदेश सरकार ने आज सुबह 155 घंटे का नॉन स्टॉप मेगा स्वच्छता अभियान शुरू किया। यह अभियान 2 अक्टूबर को समाप्त होगा, जो महात्मा गांधी की 155वीं जयंती के अवसर पर मनाया जाएगा। स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता थीम के तहत इस अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता और पर्यावरण चेतना को बढ़ावा देना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शहरी विकास विभाग को "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" के तहत अभियान की सफलता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। 15 दिवसीय इस पहल में हर दिन थीम आधारित सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) गतिविधियाँ शामिल हैं। उधर, जनपद कौशांबी के मंझनपुर स्थित नगर पालिका कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता कि शपथ भी दिलायी गयी। इसी क्रम में अयोध्या के सिविल लाइन स्थित आयुक्त कार्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मिर्जापुर के कंपोजिट विद्यालय रूदौली में केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय की ओर से स्वच्छता संवाद का आयोजन किया गया। स्वच्छता संवाद के दौरान स्वच्छता के महत्व और इसके लिए अधिकाधिक जन भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गयी।

****

यूपी इंटर नेशनल ट्रेड शो के दूसरे दिन इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान ई–कॉमर्स पर विशेष सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें कैबिनेट मंत्री राकेश सचान शामिल हुए।

ई–कामर्स सत्र को सम्बोधित करते हुए श्री सचान ने कहा कि ई–कामर्स के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में सरकार पचहत्तर फीसदी सब्सिडी दे रही है। इसके साथ ही सरकार की बहुत सारी नीतियां है, जिनसे जुड़कर रोजगार देने वाले आप भी बन सकते हैं। हमारी परम्परागत योजना ओडीओपी को ई–कामर्स से जोड़ने का लाभ हुआ है।

****

उत्तर प्रदेश को पर्यटन का केंद्र बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन के क्षेत्र में व्यापक प्रसार किया है। आज प्रदेश घरेलू पर्यटकों के लिहाज से देश का नंबर वन टूरिस्ट डेस्टिनेशन है और इसमें आध्यात्मिक पर्यटन का सबसे बड़ा योगदान है। मुख्यमंत्री के विजन अनुसार, प्रदेश के प्रमुख टूरिस्ट डेस्टिनेशंस के समीप ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 93 गांवों में होम स्टे समेत पर्यटन विकास की प्रक्रिया पर फोकस किया जा रहा है। इसके साथ ही 12 मेगा टूरिज्म सर्किट चिह्नित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश टूरिज्म पॉलिसी 2022 के अनुसार, इनमें रामायण सर्किट, सूफी–कबीर सर्किट, बुंदेलखंड सर्किट, जैन सर्किट, कृष्ण–ब्रज सर्किट, शक्ति–पीठ सर्किट, महाभारत सर्किट, वाइल्ड लाइफ–ईको पर्यटन सर्किट, स्वतंत्रता संग्राम सर्किट, आध्यात्मिक सर्किट, बौद्ध सर्किट तथा शिल्प सर्किट प्रमुख हैं। इसी क्रम में, देवीपाटन मंडल, चित्रकूट मंडल, अयोध्या मंडल, लखनऊ मंडल तथा वाराणसी मंडल में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए होम स्टे के निर्माण व विकास प्रक्रियाओं को गति दी जा रही है।

****

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने अपनी रिपोर्ट में 50 से अधिक दवाओं को मानक गुणवत्ता के स्तर से नीचे का घोषित किया है। इन दवाओं में पैरासिटामोल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, कैल्शियम और विटामिन डी3 टैबलेट शामिल हैं। मानक गुणवत्ता पर सही नहीं पाए गए ये उत्पाद कई कंपनियों द्वारा निर्मित किए गए थे। इन दवाओं के इस्तेमाल के संबंध में चिंताएं बढ़ गई हैं।

****

नवोदय विद्यालय समिति ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 2025 के लिए आवेदन की आखिरी तिथि को 7 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। इस परीक्षा के माध्यम से कक्षा 6 में सत्र 2025–26 के लिए प्रवेश दिया जाएगा। नवोदय विद्यालय, लखनऊ की प्रधानाचार्य साधना सिंह ने बताया कि उम्मीदवार नवोदया डॉट जीओवी डॉट इन अथवा सीबीएसई आईटीएमएस डॉट, आरसीआईएल डॉट जोओवी डॉट इन श्लैस एनवीएस वेबसाइट पर जाकर निशुल्क आवेदन कर सकते है।

****

कानपुर का ग्रीन पार्क स्टेडियम भारत–बंगलादेश के बीच कल से शुरू हो रहे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए है। 27 सितंबर से 1 अक्टूबर तक खेले जाने वाले टेस्ट मैच में कुल छब्बीस हजार सात दर्शक ग्रीन पार्क में मैच देखेंगे। जोकि 2021 में खेले गए भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच से ज्यादा है।

****

प्रदेश के कुछ जनपदों में आज गरज चमक के साथ हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। बारिश की वजह से जहां लोगों को तेज धूप और उमस भरी गर्मी से छुटकारा मिला है, वहीं कई स्थानों पर जलभराव की वजह से परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जनपदों में आज भारी वर्षा के साथ मेघगर्जन की संभावना जताई है। इस दौरान तेज हवाओं के चलने की भी संभावना है।

****